प्रगति और आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचा एक मूलभूत आवश्यकता है: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोकसभा अध्यक्ष ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम को संबोधित किया।

...

नई दिल्ली; 28 जून, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम में विशिष्टजनों को संबोधित किया। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हाल के वर्षों में एक नई गति मिली है। सड़क निर्माण और अवसरंचना आधुनिकीकरण के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे से विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़कों के माध्यम से न केवल बड़े शहरों को बल्कि गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों को भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित सभी विभागों जैसे रेल, रोड, जलमार्ग, सूचना प्रौद्योगिकी आदि का आपसी समन्वय कर कम समय एवं कम संसाधनों के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना सरकार का लक्ष्य रहा है।

आकांक्षी भारत में बुनियादी ढांचे की भूमिका का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि प्रगति, समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचा एक मूलभूत आवश्यकता है। 21वीं सदी में विश्व संपर्क देश की प्रगति की गति को निर्धारित करता है। इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी का आधुनिकीकरण और इसे जनता के लिए उपयोगी बनाना एक अनिवार्य आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग हमारी अर्थव्यवस्था को और अधिक शक्तिशाली बनाएगा। ऐसे समय में जब हम 2047 तक अपने देश को सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, आधुनिक बुनियादी ढांचा और आधुनिक तकनीक इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभायेंगे। श्री बिरला ने सुझाव दिया कि भविष्योन्मुखी बुनियादी ढांचे के निर्माण का उद्देश्य समाज के सबसे गरीब और हाशिए पर खड़े वर्गों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में काम करना होना चाहिए।

गति-शक्ति पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह क्रांतिकारी परियोजना देश के सर्वांगीण और समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगी। श्री बिरला ने कहा कि इस योजना से एमएसएमई क्षेत्र और निर्यात क्षेत्र को लाभ होगा। ऐसे समय में जब हमने भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है, जिस गति से बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है, हम निश्चित रूप से अपना लक्ष्य हासिल करेंगे, श्री बिरला ने कहा।

श्री बिरला ने राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार, 2021 के विजेता को बधाई दी।